**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 18.09.23**

**थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा धर्म परिवर्तन कराने वाले 08 अभियुक्त व 07 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।**

वादी द्वारा थाना साहिबाबाद पर लिखित तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया जिसमें आज दिनांक 18.09.2023 को थाना साहिबाबाद टीम द्वारा दौराने गश्त व चेकिंग मुखबिर की सूचना पर दिनांक 18.09.2023 को नागद्वार से मोहन नगर पाली के होटल के पास एक ईको कार DL3CC5294 ग्रे कलर में 08 अभियुक्त 07 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण व अभियुक्तागण को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**कार्यवाही एवं पूछताछ का विवरण**

अभियुक्तगणों पूछताछ में ने बताया कि हम तीनों बचपन से ही ईसाई धर्म अपनाये हुये है तथा हम व हमारे अन्य सभी लोग एक दूसरे से परिचित है कल दिनाँक 17.09.2023 को दिनेश पुत्र चन्द शेखर नि0 नूर नगर करहैडा थाना साहिबाबाद गा0बाद ने अपने घर जो ईसाई धर्म की प्रार्थना से जुडे हुए है ने हम सबको प्रार्थना के लिये बुलाया था प्रार्थना में आसपास के लोगों को भी सूचना दी गयी थी तथा प्रार्थना के दौरान हम सभी लोग सभी को ईसाई धर्म की विशेषतायें आदि बताते है। तथा ईसाई धर्म में आने पर अन्य लाभ/आर्थिक लाभ मिलते है उनकी जानकारी देते है। और अधिक से अधिक लोगों अपने साथ जोडने का काम करते है। और उन्हे ईसाई धर्म की प्रार्थना आदि करने को बताते जिसमें हम बताते है कि प्रार्थना करने से बीमारी आदि भी जल्दी ठीक हो जाती है। और यह सब जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को अपनी तरफ जोडते है। हमारे साथ के अन्य सभी लोग हिन्दू धर्म से सम्बन्धित है। परन्तु हम सभी ईसाई धर्म की प्रार्थना करते है। कल करहैडा में भी प्रार्थना कर रहे थे।

**बरामदगी**

1. एक Tagima गिटार
2. 05 बाइबल की पवित्र पुस्तकें
3. 02 गीत की पवित्र पुस्तकें
4. एक वचन की पवित्र किताबें
5. एक बैग मे गिटार के टूटे तार व खाली कवर
6. एक इको कार न0 DL3CC5294

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

थाना साहिबाबाद पुलिस टीम।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा अवैध गांजे की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 05 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद

आज दिनांक 18.09.2023 को कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना विजयनगर क्षेत्र मे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना व लोकल इनपुट के आधार पर अवैध गांजे की तस्करी करने
वाले अभियुक्त राहुल पुत्र सुमन हलदर निवासी चांदमारी झुग्गी झोपड़ी निकट आर्मी ग्रांउड थाना विजयनगर गाजियाबाद को आर्मी ग्राउंड से गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध 05 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया साहब मैं गांजा खरीद कर उसे छोटी छोटी पुडियों में पैक कर रेलवे स्टेशन व आर्मी ग्राउण्ड में चलते फिरते राहगीर व ग्राउण्ड में मौजूद लोगो को बेच देता हूँ तथा जो पैसा मिलता है उससे अपने शौक पुरे करता हूँ। आज भी मैं अपना माल बेचने के लिये जा रहा था कि आपके द्वारा पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से गांजा कहाँ से लाते हो पूछा तो बताया कि साहब मुझे माल हर बार कोई नया व्यक्ति देता है जिसे मैं नही जानता हूँ।

**नाम पता अभियुक्त**

राहुल पुत्र सुमन हलदर निवासी चांदमारी झुग्गी झोपड़ी निकट आर्मी ग्रांउड थाना विजयनगर गाजियाबाद उम्र 20 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण**

05 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

अभियुक्त राहुल उपरोक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुल 03 अभियोग एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत हैं।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम

## कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा मोबाइल लूट करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से लूट के 03 मोबाइल व घटना मे प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद

**घटना का विवरण-**दिनांक 02.02.2023 को वादी श्री रविराज पुष्प निवासी सेक्टर 23 संजयनगर थाना मधुबन बापूधाम ने एक लिखित तहरीर दी कि 02 अज्ञात बाइक सवार लुटेरे रास्ते से जाते समय मोबाइल फोन छीनकर ले गये तथा दिनांक 26.04.2023 को वादी श्री अभिनव आनन्द निवासी एयर फोर्स पालम दिल्ली ने एक लिखित तहरीर दी कि 02 अज्ञात बाइक सवार लुटेरे संजय नगर फ्लाईओवर पर रिक्शा से जाते समय मोबाइल फोन छीनकर ले गये , प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना मधुबन बापूधाम पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु टीमें गठित की गयी थी।
**कार्यवाही का विवरण-**दिनांक 18.09.2023 को कमिश्नरेट गाजियाबाद थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम द्वारा लोकल इनपुट व मुखबिर की सूचना पर रईसपुर टैम्पू स्टेन्ड के पास से 03 अभियुक्तगणो को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित लूटे गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई है ।अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता अभियुक्त गण –**

1. विशाल पुत्र शिव कुमार सोनकर निवासी म0नं0 96 पीले क्वार्टर अम्बेडकर कालोनी थाना सिहानीगेट , गाजियाबाद ।
2. विवेक पुत्र अर्जुन सोनकर निवासी म0नं0 61/24 पीले क्वार्टर अम्बेडकर कालोनी थाना सिहानीगेट , गाजियाबाद ।
3. सुहेब उर्फ शेखु पुत्र यामीन निवासी 78/01 पीले क्वार्टर अम्बेडकर कालोनी थाना सिहानीगेट , गाजियाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. लूट के 03 मोबाइल फोन
2. घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम

## थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 स्कूटी बरामद ।

दिनांक 17.09.2023 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चोरी के अभियोग का अनावरण करते हुए चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त नदीम पुत्र इन्तजार निवासी मौहल्ला शेखाजाट कस्बा ननौता थाना ननौता जिला सहारनपुर को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि साहब यह स्कूटी मैने कल ही केला गोदाम के पास डाबर तालाव से चोरी की थी, जिसको आज मैं बेचने जा रहा था कि आपने मुझे पकड लिया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**

नदीम पुत्र इन्तजार निवासी मौहल्ला शेखाजाट कस्बा ननौता थाना ननौता जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण**

चोरी की 01 स्कूटी होण्डा एक्टिवा

**आपराधिक इतिहास**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना अंकुर विहार पर चोरी का 01 अभियोग एंव थाना ननौता जनपद सहारनपुर पर अवैध शराब का 01 अभियोग पंजीकृत है ।

**गिरफ्तार एंव बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम

**थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

**पुलिस कार्यवाही का विवरणः-** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा थाना ट्रोनिका सिटी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 549/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम का मुख्य अभियुक्त व गैंग का सरगना कौशर अली उर्फ कौशर अंसारी पुत्र मौ0 हनीफ नि0 ग्राम नूरपुर थाना खेकड़ा जिला बागपत हाल पता म0न0 255 न्यू सुभापुर गुजरान मोहल्ला थाना करवाल नगर दिल्ली जो थाना ट्रोनिका सिटी के मु0अ0सं0 549/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहा था को गिरफ्तार किया गया हैं। जिसके विरुद्ध थाना ट्रोनिका सिटी एवं अन्य थानों पर अभियोग भी पंजीकृत हैं। अभियुक्त को नियमानुसार मा0 न्यायालय में पेश किया जा रहा हैं।

**अभि0 से पूछताछ का विवरणः-** अभि0 से पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तण का विवरण –**

1. कौशर अली उर्फ कौशर अंसारी पुत्र मौ0 हनीफ नि0 ग्राम नूरपुर थाना खेकड़ा जिला बागपत हाल पता म0न0 255 न्यू सुभापुर गुजरान मोहल्ला थाना करवाल नगर दिल्ली।

**अभि0गण से बरामदगी का विवरण— निल।**

**अभियुक्त कौशर का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 418/22 धारा 147/148/420/406/506 भादवि थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद।
2. मु0अ0सं0 344/22 धारा 379/434/447 भादवि थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद।
3. मु0अ0सं0 95/2019 धारा 420/447 भादवि थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद।
4. मु0अ0सं0 555/2018 धारा 448 भादवि थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद।
5. मु0अ0सं0 213/08 धारा 2107-3 थाना करावल नगर नोर्थ ईस्ट दिल्ली।
6. मु0अ0सं0 204/19 धारा 376/506 भादवि थाना दयालपुर दिल्ली।
7. मु0अ0सं0 549/23 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद पुलिस टीम।